कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-14.04.2024

विषय:- थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर टप्पेबाज गिरफ्तार, कब्जे से 01 जोडी कान का झुमका(पीली धातु), 01 अदद अवैध तमंचा 0.315 बोर व 01 अदद कारतूस 0.315 बोर बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट/टप्पेबाज़ी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0136/2024 धारा 379/420/411 भा0द0वि0 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. इरफान पुत्र समशुद्दीन निवासी सदर बाजार थाना कैंट जनपद वाराणसी व 2. गोलू डोम पुत्र राजेन्द्र डोम निवासी सदर बाजार थाना कैंट वाराणसी को आज दिनांक-14.04.2024 को समय करीब 10.25 बजे बहादुर सरीफ दरगाह के मैदान से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 जोडी पीली धातु का कान का झुमका व 01 अदद अवैध तमंचा 0.315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0147/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-11.04.2024 को वादिनी/प्रार्थीनी श्रीमती प्रमिला देवी पत्नी स्व0 पन्नालाल सोनकर निवासी मौजा हाल सारंग तालाब नक्की घाट जनपद वाराणसी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक-10.04.2024 को वे अपने इलाज हेतु दवा लेने पंडित दीनदयाल मानसिक चिकित्सालय जा रही थी तभी पाण्डेयपुर में उन्हे दो अज्ञात व्यक्ति मिले जिन्होंने उन्हे बहला फुसला कर उनके कान के सोने के झुमके मांग लिये और उनका सामान लेकर भाग गये, जिसके आधार पर थाना कैंट मे मु0अ0सं0-0136/2024 धारा 379/420 भादवि पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 प्रभाकर सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्तगण इरफान व गोलू डोम ने पूछताछ करने पर बताया कि हमलोग आज से तीन दिन पहले पाण्डेयपुर चौराहे की तरफ जा रहे थे तो एक महिला को अपने विश्वास में लेकर धोखे से बेवकूफ बनाकर उससे कान के झुमको को हमने प्राप्त कर लिया था। आज हम लोग इन झुमको को बेचने के लिए ही जा रहे थे कि आप लोगो ने हमे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.इरफान पुत्र समशुद्दीन निवासी सदर बाजार थाना कैंट जनपद वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

2.गोलू डोम पुत्र राजेन्द्र डोम निवासी सदर बाजार थाना कैंट वाराणसी, उम्र करीब 21 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद तमंचा 0.315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर
2. 01 जोडी पीली धातु का कान का झुमका

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 प्रभाकर सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 आयुष पाण्डेय थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 बृजबिहारी ओझा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 दुर्गविजय थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 सचिन मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 अतुल कुमार पाण्डेय थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी